क्राइम बमबाज गैंग सक्रिय, घर-दुकानों में बमों को पटक फैलाई जा रही दहशत, नागरिक असुरक्षित

बेलगाम अपराधियों के धमाकों से दहल रहा शहर

जबलपुर। चाकूबाजी, लूट-चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है और अब शहर में बमबाज सक्रिय हो गए है जो बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देते हुए दहशतगर्गी फैला रहे है। ये दहशतगर्द अब हर दिन पुलिस को चुनौती देते हुए बमबाजी कर रहे है। घरों से लेकर दुकानों में तक बम पटक रहे है। अचानक बढ़ी बमबाजी से जहां शहर की गलियां दहल रही हैं तो वहीं नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे है। वहीं बेलगाम अपराधियों के दिलों दिमाग से पुलिस का डर और खौफ खत्म होता नजर आने लगा है। गुंडे-बदमाश का खुलेआम विस्फोट करना कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस धमकों का जखीरा बनाने वालों, इनके ठिकानों, बारूद, उपकरण मुहैया कराने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को कुछ पता नहीं है पुलिस को सब पता होता हैं परंतु पुलिस बमबाजी के मामलों में विस्फोटक पदार्थ अधिनियक की कायमी करने के साथ गिरफ्तारी करके ही मामलों की इतिश्री कर खानापूर्ति कर लेती है।

ये है हॉट स्पॉट

घमापुर, बेलगाम, छोटी ओमती, गोरखपुर, रांझी, गोहलपुर, बमबाजी के हॉट स्पॉट बन रहे है जहां आपराधिक गिरोह सक्रिय होकर रंगदारी, डराने, धमकाने पर वारदातें कर रहे है। यहां बमबाजी की घटनाएं हुई है, जिससे निवासियों में दहशत है।

कहां बन रहे है, कौन बेच रहा, नहीं उठता पर्दा

ऐसे मामलों में पुलिस विस्फोट अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करती है। साथ ही आरोपियों को भी दबोच लिया जाता है। लेकिन पुलिस की कार्रवाई कायमी, गिरफ्तारी तक ही दिखाई देती है। बम कहां बन रहे हैं इसका ठिकाना कहां है, धमकों को कौन बेच रहा है। इस राज से पुलिस पर्दा नहीं उठा पाती है।

शिकार-दशतदर्गी का बना हथियार

सुअरमार बम अवैध और खतरनाक विस्फोटक है। अपराधी इन बमों को दशतदर्गी का हथियार बना चुके है। इन बमों के जरिए डराने, धमकाने, दहशत फैला रहे है। वहीं इन बमों का इस्तेमाल जंगली सुअरों का शिकार करने में भी हो रहा है है कभी कभी पालतू जानवर भी इसकी चपेट में आकर जख्मी हो जाते है साथ ही उनकी जान भी चली जाती है।

एक माह के भीरत यहां हुए धमाके

- 29 अक्टूबर को गोहलपुर थाना अंतर्गत वंदना नगर बस्ती नगर नम्बर 2 में करन केवट 18 वर्ष से रंजिश पर बदमाशों ने घर में घुसकर मारपीट की और परिवार को डारने तीन बम पटके।
- 28 अक्टूबर को चरगवां थाना अंतर्गत भड़पुरा में दयाराम बर्मन के घर में बदमाशों ने बम चलाए। जोरदार धमाके के साथ आग लग गई थी। इसके बाद बदमाश घर का गेट तोड़कर फरार हो गए थे।
- 27 अक्टूबर को रांझी थाना अंतर्गत मडई स्थित शराब दुकान में बदमाशों ने तीन सुअरमार बम पटके। वारदात से भगदड़ मच गई थी। एक आरोपी को स्टॉफ ने पकड़ लिया था जबकि तीन भाग निकले थे।
- 23 अक्टूबर को गोराबाजार थाना अंतर्गत तिलहरी में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा के एटीएम को बम से उड़ाने की कोशिश की गई। चोरी के इरादे से हुई वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई थी।
- बेलबाग थाना अंतर्गत ललित कॉलोनी में पांच अक्टूबर को मोटर साईकिल से पहुंचे तीन बदमाशों ने अधिवक्ता उमेश कुमार यादव के घर में बमबाजी कर दहशत फैलाई। पुराने विवाद को लेकर हुई वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई थी।

सरकारी अस्पतालों में सप्लाई होने वाली दवा की कराओं जांच

लोक स्वास्थ्य निगम को हाईकोर्ट के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य सेवा निगम लिमिटेड भोपाल के एमडी को याचिकाकर्ता दवा कंपनी द्वारा आपूर्ति की गई दवाओं के प्रत्येक बैच के नए नमूने लेकर उन्हें किसी केन्द्र की प्रयोगशाला से जांच करवाने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि यह मामला मानव उपभोग के लिए दवाओं की आपूर्ति से संबंधित है। यदि किसी भी रोगी को घटिया गुणवत्ता की कोई दवा दी जाती है, तो इससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है, जो अपूरणीय क्षति होगी। न्यायालय ने कहा है कि यदि केंद्र की जांच में प्रदेश सरकार की जांच की पुष्टि होती है तो याचिकाकर्ता कंपनी ब्लैक लिस्ट करने वाले आदेश को उचित फोरम में चुनौती दे सकती है। यदि केन्द्रीय प्रयोगशाला की जांच में दवाएं घटिया गुणवत्ता वाली नहीं पाई जाती, तो याचिकाकर्ता के खिलाफ ब्लैकलिस्ट का आदेश निरस्त हो जाएगा।

उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित

मेसर्स जेपी ड्रग्स की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया गया कि यह फर्म मध्य प्रदेश के विभिन्न सरकारी जिला अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति करती है। कंपनी को एस्कॉर्बिक एसिड (विटामिन सी) टैब आईपी 500 मिलीग्राम (टैबलेट) और एथमब्यूटोल 400 मिलीग्राम (टैबलेट) की आपूर्ति का ठेका आवंटित हुआ। विगत 23 सितंबर 2024 को लोक स्वास्थ्य निगम ने कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं की आपूर्ति के लिए क्यों न उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए। कंपनी द्वारा नोटिस का जवाब दिया गया, लेकिन निगम ने 30 सितंबर 2024 को कंपनी को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया और आपूर्ति की गई संपूर्ण दवाओं का मूल्यं रफंड करने के निर्देश दिये, मामले पर सुनवाई के दौरान कंपनी की ओर से दलील दी गई कि आपूर्ति के समय दवाइयाँ उचित मानक गुणवत्ता की थीं और आपूर्ति से पहले प्रयोगशाला में भी परीक्षण किया गया था। यह तर्क दिया गया कि अनुचित भंडारण के कारण ये दवाएं घटिया पाई गईं, जिसमें कंपनी की कोई गलती नहीं है।

सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी अवैध

हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी को अवैध करार दिया। इसी के साथ जिला पेंशन अधिकारी सागर को निर्देश दिया कि छह प्रतिशत ब्याज सहित राशि लौटाई जाए। याचिकाकर्ता दमोह निवासी जयनारायण मिश्रा की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी, अमित कुमार चौधरी व रूपलाल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, दमोह से ड्राइवर के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। एक वर्ष उपरांत जिला पेंशन अधिकारी ने 47 हजार 554 रुपये की रिकवरी निकाल दी। इसके विरोध में अभ्यावेदन का असर नहीं हुआ। इसलिए हाईकोर्ट आना पड़ा।

कैंट विस के हर घर में अब जल्द पहुंचेगा नर्मदा जल

उच्चस्तरीय पानी की टंकी के निर्माण का किया गया भूमिपूजन

नवभारत,जबलपुर। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत प्रावधानित राशि 312 करोड़ रूपये से होने वाले कार्यों में तेजी आई है। शनिवार को दीवान आधार सिंह वार्ड बिरसामुण्डा एवं ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी में उच्चस्तरीय पानी टंकी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने किया। भूमिपूजन समारोह के दौरान विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि कैंट विधान सभा क्षेत्र के नागरिकों का सपना साकार हो रहा है। कैंट के हर घर में अब नर्मदा जल पहुंचेगा। उच्चस्तरीय पानी की टंकी का निर्माण शुरू होना नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। भूमिपूजन के दौरान एम.आई.सी. सदस्य रजनी कैलाश साहू, पार्षद श्याम कनौजिया, सोना वर्मा, आशीष राव, गुल्लू दुबे एवं अन्य सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में नहानी का पानी बहाने पर उपजे विवाद पर बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक अमित साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम बसेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके रिश्ते के नाना हुकुम साहू का मकान एवं सुखदीन बेन का मकान पास हैं सुखदीन बेन अपनी घर की नहानी का पानी उसके नाना के घर तरफ बहाता है नाना हुकम साहू ने कई बार मना किया लेकिन सुखदीन बेन मानता नही है, दोपहर लगभग 1-30 बजे पानी बहाने के लिये मना करने पर सुखदीन बेन एवं सुखदीन बेन की मां विवाद लग सुखदीन बने ने किसी कठोर वस्तु से हमलाकर उसके नाना के सिर, माथा एवं दोनों पैर में चोटें पहुंचा दी।

ठगी का नया पैंतरा: कोड डायल करते ही खाते से उड़ जायेगी रकम

जबलपुर। साइबर ठग हर दिन नए-नए तरीके आजमा कर साइबर क्राइम करते हुए खातों से रकम उड़ा रहे है। साइबर ठगी के मकड़जाल के चलते हर दिन साइबर अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। अब साइबर ठगों ने ठगी का नया पैंतरा ढूंढ निकाला। हाल ही में एक नए प्रकार का मोबाइल फ्रॉड सामने आया है जिसकी शिकायतें पुलिस थानों तक पहुंच रही है। ठग अब फोन करके या मैसेज भेजकर कोड डायल करने के लिए कहते हैं। अगर आप साइबर ठग की बातों में आ गए तो खाते से जमा पुंजी गवां बैठेंगे। ऐसो साइबर ठगों से सावधान रहने की जरूरत है।

ऐसे करते है फ्रॉड

साइबर ठग आपको फोन

करके या मैसेज भेजकर *21*<मोबाइल नंबर>* डायल करने के लिए कहते हैं। यह कोड आपके मोबाइल नंबर पर आने वाले सभी कॉल और एसएमएस को ठग के नंबर पर फॉरवर्ड कर देता है। इसके बाद, वे आपके व्हाट्सएप और अन्य ऐप्स का एक्सेस ओटीपी के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं।

हर दिन थाने पहुंच रही शिकायतें

साइबर ठगी के मामले हर दिन थाने पहुंच रहे है। ऐसे मामलों में नागरिकों में जागरूकता की भी जरूरत है। पुलिस तो प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है लेकिन अधिकांश मामलों में पुलिस के हाथ खाली होते है। इसका मुख्य कारण साइबर ठग गिरोह दूसरे राज्यों, देशों से बैठकर वारदातों को अंजाम देने है और वह अपने ठिकानें, बदलते रहते है।

24 घंटे होते है अहम

साइबर ठगी के मामले में चौबीस घंटे अहम होते है। अगर साइबर फ्रॉड होने के चौबीस घंटे के भीतर पीड़ित पुलिस या बैंक से संपर्क कर ले तो खाते से ट्रांसफर हुई रकम को फ्रीज करान में न केवल रकम रिकवर कराई जा सकती है।

ऐसे करें बचाव

राज्य साइबर जबलपुर प्रभारी श्रीमति नीलेश अहिरवार ने बताया कि कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर *21*<मोबाइल नंबर * या इसी तरह के किसी भी कोड को डायल न करें। अपने मोबाइल नंबर से जुड़ी किसी भी जानकारी को किसी के साथ साझा न करें। ओटीपी को गोपनीय रखें और किसी के साथ साझा न करें, चाहे वह कितना भी विश्वसनीय क्यों न लगे। अगर आपको शक है कि आप फ्रॉड का शिकार हो गए हैं, तो तुरंत अपने बैंक और पुलिस से संपर्क करें।

एक नजर में

युवक की संदिग्ध मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी पारस परिसर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह लगभग 6 बजे ग्रीन सिटी पारस परिसर में अभिषेक कुमार मिश्रा पिता गोविन्द प्रसाद मिश्रा 18 वर्ष निवासी ग्राम दुरा थाना मनगवा जिला रीवा को बेहोशी हालत में उपचार के लिए नीलेश कुमार साहू द्वारा मेडिकल कॉलेज लाया गया था अभिषेक कुमार मिश्रा को डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चल सका पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

कार ने किसान को कुचला

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत पुरवा झण्डा चौक कांजी हाउस के पास तेज रफ्तार कार ने एक किसान को कुचल दिया। हादसे में किसान को गंभीर चोटें आ गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक दिनेश सिंह सेंगर 45 वर्ष निवासी धन्वंतरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मूलत: वार्ड नं0 12 शहपुरा का रहने वाला है एवं किसानी का कार्य शहपुरा में करता है । शुक्रवार को धनवतरीनगर से अपने दोस्त के यहां मदन महल बैठने अपनी स्कूटी से अकेले जा रहा था रात लगभग 08.35 बजे पुरवा झण्डा चौक कांजी हाउस के पास पहुंचे , तभी पीछे से आ रही काले रंग की किया कंपनी की कार का चालक तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाकर आया और टक्कर मार दिया, जिससे वह स्कूटी सहित रोड पर गिर गया, उसे दाहिने हाथ कलाई, कंधे में, चेहरे, एवं दाहिने पैर में चोट आई है, कार चालक भाग गया वह कार का नम्बर नहीं देख पाया है।

दोषियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। दमोह जिले में हाल ही में एक विशेष समुदाय द्वारा की गई अमानवीय गौ-हत्या की घटना ने समूचे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में जबलपुर कलेक्टर कार्यालय परिसर में गौ-सेवकों, धर्मप्रेमी नागरिकों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा एक शांतिपूर्ण विरोध एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व एडवोकेट अभिषेक उपाध्याय एवं एडवोकेट हर्ष सोनी ने किया। इस दौरान ज्ञापन सौंपकर माननीय मुख्यमंत्री से मांग की गई कि इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त नीतिगत कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर एड. अभिषेक उपाध्याय , हर्ष सोनी , सागर बडगैया ,सत्येंद्र पांडे ,अभिषेक कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट की सर्किट बेंच खोलने की मांग

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट की नवीन इमारत निर्माणाधीन है। इसके साथ ही पुरानी हेरीटेज इमारत खाली हो जाएगी। इसका सदुपयोग सुप्रीम कोर्ट की सर्किट बेंच के रूप में किया जा सकता है। यहां मांग हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सचिव अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने की है। इस सिलसिले में उन्होंने राष्ट्रपति व सीजेआई को पत्र भेजा है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की स्थापना के 70 वें वर्ष पर उन्होंने यह आवश्यकता रेखांकित की है। पत्र में उस विधि का उल्लेख किया गया है, जिसके जरिए सीजेआई चाहें तो राष्ट्रपति के अनुमोदन से नवाचार कर सकते हैं। विधि आयोग की इस संबंध में जारी अनुशंसा का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने आशा जताई है कि इस पत्र को गंभीरता से लेकर देश के मध्य में सुप्रीम कोर्ट की सर्किट बेंच का सपना साकार होगा। जबलपुर सहित समूचे प्रदेश का विधि जगत इस कदम का स्वागत करेगा।

शराब के लिए पिता-पुत्र को मारी चाकू

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत पार्वती कॉलोनी हनुमान मंदिर के सामने बदमाश ने पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रदीप श्रीवास्तव 44 वर्ष निवासी महराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि काम से बेटे कृष्णा श्रीवास्तव के साथ जा रहा था पार्वती कालोनी हनुमान मंदिर के सामने पहुॅचा तभी अपनी गाड़ी से गुल्लू उर्फ रितिक उपाध्याय आकर विवाद करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, पैसे देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, उसका बेटा कृष्णा बीचबचाव करने लगा तो गुल्लू उर्फ रितिक ने चाकू से हमलाकर उसे एवं कृष्णा को चोट पहुंचा दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

युवक पर धारदार हथियार से हमला

रांझी थाना अंतर्गत व्हीकल मड़ई मस्जिद के पास शराब के लिए रूपए न देने पर क्षेत्र में रहने वाले सुल्तान खान ने अजय ठाकुर 30 वर्ष निवासी व्हीकल मड़ई पर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचा दी और धमकाते हुए भाग गया।

42 वारंटी, 33 तस्कर 10 जुआरी पकड़ाए

जबलपुर। पुलिस ने पिछले 24 घंटे में गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई करते हुए पिछले कई वर्षो से फरार 10 गैरम्यादी, 32 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है , 33 व्यक्तियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 372 पाव देशी,अंग्रेजी एवं 78 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी। 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 10 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 5 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया।

कंपनी ने दूसरी एजेंसियों को दे दिया ठेका

जबलपुर। पुलिस भर्ती परीक्षा का ठेका लेने वाली एपटेक कंपनी द्वारा अन्य एजेंसियों को दिये जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले को संजीदगी से लेते हुए कर्मचारी चयन आयोग व अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।यह जनहित का मामला भोपाल निवासी आसिफ अली व रीतेश सोनी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता आदिल उस्मानी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि सूबेदार और सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2025, सूबेदार (स्टेनो), एएसआई भर्ती परीक्षा 2025 और पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 कराने की जिम्मेदारी मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड ने 11 दिसंबर 2024 को मुंबई की एपटेक कंपनी को ठेके पर दी है। आरोप है कि उक्त कंपनी कई राज्यों में परीक्षा में गड़बडियों और डेटा लीक जैसे मामलों में प्रतिबंधित रह चुकी है। इतना ही नहीं ठेका लेने वाली एपटेक ने दूसरी एजेंसी को काम दिया है। याचिका में आरोप है कि यह दूसरी एजेंसी सीमित संसाधनों और कॉलेजों के जरिए परीक्षा संचालन कर रही है। जिनमें कम पढ़े लिखे लोगों को कर्मचारी नियुक्त करके भारी मुनाफा कमा रही है। इस तरह की लापरवाही से भर्ती परीक्षा की पारदर्शिता पूरी तरह खतरे में पड़ गई है और लाखों उम्मीदवारों के भविष्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा, जो अवैधानिक है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

मतदाता सूची को अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाना है: कलेक्टर

विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत,जबलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने केंट विधानसभा के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रांझी व सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के श्यामसुंदर शासकीय महाविद्यालय खितौला में बीएलओ प्रशिक्षण का मार्गदर्शन किया।कलेक्टर ने कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। मतदाता सूची का प्रारूप 9 दिसम्बर को प्रकाशित होगा, दावे-आपत्तियाँ 8 जनवरी 2026 तक ली जाएंगी तथा अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। प्रशिक्षण में एसडीएम पुष्पेंद्र अहके, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी उपस्थित रहे। मानस भवन में नगर निगम के सुपरवाइजर, उपयंत्री व अन्य कर्मचारियों को भी पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 83 चालकों पर शिकंजा

एसपी के निर्देश पर अभियान चलाकर हुई चेकिंग

नवभारत, जबलपुर। सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के दिशा-निर्देशों पर 31 अक्टूबर की रात्रि को विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों को शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। जानकारी के अनुसार चैकिंग प्वाइंट पर 83 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत मामला दर्ज किया गया और संबंधित वाहनों को जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि यह अभियान समय-समय पर जारी रहेगा ताकि सड़कों पर दुर्घटनाओं की घटनाओं में कमी लाई जा सके और जनता सुरक्षित रूप से यात्रा कर सके।

गोली कांड राजनीतिक-व्यावसायिक स्पर्धा के चलते हुई थी वारदात, पिस्टल, तीन कारतूस, एक कार, एक बाईक जब्त

सरपंच पति को गोली मारने वाले गिरफ्तार

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बिलखरवा आकाश ढाबा के सामने सरपंच पति को गोली मारने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से देशी पिस्टल, तीन कारतूस, एक कार, एक बाईक जब्त की है। गोलीकांड का खुलासा शनिवार को अति. पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजना तिवारी ने करते हुए बताया कि दुर्गेश लोधी 36 वर्ष निवासी घुंसौर थाना शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी श्रीमति रानू पटेल ग्राम घुंसौर ग्राम पंचायत घुंसौर की सरपंच है। 23 अक्टूबर को वह कार से क्रमांक एमपी 20 जेड एच 1515 से आकाश ढाबा बिलखरवा भेड़ाघाट गया था जहां ढाबे से मोबाइल पर बात करते हुए पैदल-पैदल जा रहा था ती दो लड़के आए और उस पर फायर कर दिया था

जिसमें वह घायल हो गया था। जांच में यह बात सामने आई कि दुर्गेश की पत्नी श्रीमति रानू पटेल ग्राम घुंसौर ग्राम सरपंच है एवं क्षेत्रीय राजनैतिक एवं व्यवसायिक प्रतिद्वंदता है दुर्गेश पटेल द्वारा लगभग 10-11 माह पहले अपने भाई उमेश पटेल एवं उमेश उर्फ कलयुग एवं प्रवीण रजक के साथ मिलकर अपने गांव के अजीत उर्फ अज्जू लोधी के साथ मारपीट कर अजीत उर्फ अज्जू लोधी पर बंदूक से फायरिंग करते हुये पैर में चीप पटक कर चोटें पहुंचाई गयी थी जिस पर से थाना शहपुरा में आपराधिक प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये अजीत उर्फ अज्जू लोधी निवासी ग्राम घुंसौर थाना शहपुरा, दौलत सिंह उर्फ बंटू निवासी पाटन एवं जितेन्द्र उर्फ जित्तू निवासी पाटन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि दुर्गेश पटेल शहपुरा में दर्ज प्रकरण में राजीनामा करने के लिये अजीत उर्फ अज्जू लोधी और परिवार वालों पर दबाव बना रहा था, कुछ दिन पहले राजीनामा के लिए दबाव बनाने के लिये अजीत उर्फ अज्जू के भाई के साथ भी मारपीट की थी, अजीत उर्फ अज्जू , दौलत उर्फ बंटू जितेन्द्र उर्फ जित्तू लोधी की आपस में दोस्ती है दशहरा के समय तीनों ने दुर्गेश से बदला लेने की चर्चा की थी, जित्तू, बंटू उर्फ दौलत लोधी, अजीत उर्फ अज्जू लोधी का साथ देने के लिये तैयार हो गये थे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों की निशादेही पर मोटर साइकिल एमपी 20 जेड यू 4366 एवं हुण्डई आई 20 कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 3414, देशी पिस्टल, कारतूस जब्त किया। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा, थाना प्रभारी भेड़ाघाट कमलेश चौरिया, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीष झारिया भी उपस्थित रहे।